जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

कार्यवाही विवरण

भवन मानचित्र समिति (ले—आउट प्लान) की 407वीं बैठक दिनांक 12.08.2025 प्रातः 10.30 बजे आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :—

बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया:—

1. श्री निशान्त जैन, सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
2. श्री राजेन्द्र सिंह कविया, अतिरिक्त आयुक्त (भूमि), जविप्रा, जयपुर।
3. डॉ.प्रिया बलराम, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), जविप्रा, जयपुर।
4. श्रीमती प्रीति गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक एवं सदस्य सचिव, बीपीसी (एलपी) एवं निदेशक (आयोजना) की लिंक अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।

बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे:—

1. डॉ. राकेश कुमार मीणा, उपायुक्त जोन—12 जविप्रा, जयपुर।
2. श्रीमती तारामती वैष्णव, उपायुक्त जोन— 09 जविप्रा, जयपुर।
3. श्रीमती राधिका देवी, उपायुक्त जोन— 07 जविप्रा, जयपुर।
4. श्रीमती अपूर्वा परवाल, उपायुक्त जोन—04, 13, जविप्रा, जयपुर।
5. श्री हेमन्त कुमार, उपायुक्त जोन—14 जविप्रा, जयपुर।
6. श्री महावीर सिंह मीना, उप नगर नियोजक, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।
7. श्री अजय गोयल, उप नगर नियोजक, जोन—07, जविप्रा, जयपुर।
8. श्री उदय वर्मा, उप नगर नियोजक, जोन—11, जविप्रा, जयपुर।
9. सैयद वसीम अख्तर, उप नगर नियोजक, जोन—14, जविप्रा, जयपुर।
10. श्री ऋषिकेश कोलते, सहायक नगर नियोजक, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।
11. श्री मनमोहन गौतम, सहायक नगर नियोजक, जोन—09, जविप्रा, जयपुर।
12. श्री नरेन्द्र कुमार उज्जैनिया, सहायक नगर नियोजक, जोन— 06, जविप्रा, जयपुर।

एजेण्डा संख्या:—01 (407 / 12.08.2025)

विषय:—बीपीसी (एलपी) की 406वीं बैठक दिनांक 05.08.2025 में लिये गये निर्णयों के कार्यवाही विवरण की पुष्टि बाबत्
समिति का निर्णय:— **समिति द्वारा बीपीसी (एलपी) की 406वीं बैठक दिनांक 05.08.2025 में लिये गये निर्णयों के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।**

एजेण्डा संख्या:—02 (407 / 12.08.2025)

विषय:— म्युचअल हाउसिंग कॉपरेटिव सोसायटी योजना रजत विहार में भूखण्ड संख्या 41, 44, 34, 35 पर से प्रस्तावित जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक के एलाईमेन्ट परिवर्तन के संबध में जविप्रा अधिनियम, 1982 की धारा 25 (1) के कम में।	जोन—06
जोन द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के तथ्य:— 1. म्युचअल हाउसिंग कॉपरेटिव सोसायटी योजना रजत विहार में भूखण्ड संख्या 41, 44, 34, 35 पर से प्रस्तावित जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक के एलाईमेन्ट को मौके अनुसार करने बाबत विकास समिति द्वारा प्रार्थना पत्र पी.टी सर्वे एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर पी.टी सर्वे में मार्क ए से बी तक की सेक्टर / जोनल की 60 फीट सड़क के एलाईमेन्ट परिवर्तन हेतु निवेदन किया है। 2. बीपीसी एलपी की बैठक अति. एजेण्डा संख्या 2 दिनांक 7.2.2011 अनुसार सेक्टर प्लान 47 जो कि बीपीसी (एलपी) की 55वीं बैठक दिनांक 24.09.03 में अनुमोदित की गई 60 फीट चौडी सेक्टर रोड के स्कीम 1, 2 में दर्शायी है।	

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
17234696

3. उक्त योजना का अनुमोदन जोन स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 29.09.2023 को किया गया जिसमें सडक के एलाईमेन्ट को प्रस्तुत योजना में मौके पर स्थित 60 फीट चौडी सडक सीधी दर्शाई है, परन्तु जोनल प्लान में 80 फीट चौडी सडक में घुमाव है। उक्त योजना में जोनल प्लान की सड़क को यथावत दर्शित किया गया है, जिससे योजना के भूखण्ड संख्या 1, 34, 35, 36, 39, 40, 41, 42 प्रभावित हो रहें है। अतः जोनल प्लान के संबध में लिये नीतिगत निर्णय अनुसार " वर्तमान में अनुमोदित जोनल विकास योजना का मानचित्र पूर्व में जारी सेक्टर प्लान इत्यादि को प्राधिकरण कार्यों के लिए प्रभावी रुप से सुपरसीड करेगा की पालना में जविप्रा के जोन कार्यालयो द्वारा उपलब्ध करवाये गये कमिटमेन्ट के जोनल विकास योजना में अंकित कर दिया गया है। यदि कोई कमिटमेंन्ट त्रुटिवंश अंकित होने से रह गये है, तो उनको करते हुये अपेक्षित कार्यवाही की जावें। अनुमोदित जोनल विकास योजना में भविष्य में कोई विषमता या विशेष स्थिति आने पर बीपीसी एल. पी. के स्तर पर आपत्ति सुझाव आमंत्रित करके संशोधन किया जावें। जिसका अनुमोदन पत्रावली पर माननीय मंत्री महोदय द्वारा करवाया जाकर निस्तारण किया जावेगा " अतः जोनल प्लान की सड़क के संबंध में निर्णय होने तक योजना के प्रभावित भूखण्ड संख्या 1, 34, 35, 36, 39, 40, 41, 42 को गैर अनुमोदित रखे जाने का निर्णय लिया गया है।

4. जोन कनिष्ठ अभियन्ता की मौका रिपोर्ट अनुसार अनुमोदित योजना मानचित्र में 'क्' की 60 फीट सडक का मौका निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रस्तावित सडक का एलाईमेन्ट सीधा पाया गया एवं सडक निर्मित है। प्रस्तावित 60 फीट सड़क से योजना के भूखंड संख्या 40,41,34,35,36 प्रभावित है। एवं सडक की लम्बाई लगभग 100 मीटर है। एवं सघन आबादी क्षेत्र है। जिसमें आवासीय मकान निर्मित है।

5. 5 प्रकरण में बीपीसी एल.पी की बैठक 309 दिनांक 24.11.2021 में मास्टर प्लान शाखा के प्रस्ताव के अनुसार जयपुर विकास योजना 2025 के अन्तर्गत तैयार जोनल विकास योजनाओं का रिव्यू करने की कैटेगिरी के अन्तर्गत बसावट के कारण जोनल विकास योजना में दर्शित सड़को की चौड़ाई में परिवर्तन एलाईमेन्ट में परिवर्तन तथा सडक विलोपन प्रस्तावित होने वाले प्रकरणों के तहत प्रकरण में परीक्षण किया गया।

6. मास्टर प्लान शाखा द्वारा की गई टिप्पणी अनुसार "प्रकरण जेडडीपी रोड एलाईमेन्ट संशोधन से संबधित है जिसमें जोन द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में सलंग्न मानचित्र में दर्शित भाग ।ठच्ब–16/ह को मौका स्थिति अनुसार विलोपित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। उक्त के कम में मानचित्र में दर्शित भाग ठह जो कि मौके पर निर्मित है को वैकल्पिक मार्ग रखते हुए तदानुसार जेड.डी.पी रोड एलाईमेन्ट संशोधन के संबंध में अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

7. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त प्रश्नगत प्रकरण में मौके पर हो रहे निर्माण, पूर्व कमिटमेंट, उपलब्ध दस्तावेज एवं प्रश्नगत सडक हेतु पूर्व में लिये गये निर्णय के परिपेक्ष्य में बीपीसी एलपी की 387वी बैठक दिनांक 4.03.25 के निर्णय की पालना में धारा 25 (3) की नियमानुसार कार्यवाही करतें हुये प्रश्नगत प्रकरण में उक्त पूर्ण सडक के एलाईमेन्ट के संबंध में आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन दिनांक 03.04.25 को प्रकाशित करवाया गया। जिसमें नियत समयावधि में जोन कार्यालय में कोई आपत्ति/ सुझाव नही प्राप्त हुई। अतः प्रकरण में 25 (1) कार्यवाही हेतु प्रकरण को बीपीसी (एलपी) में पुनः रखा जाना है।

बीपीसी (एल.पी) समिति द्वारा अपने निर्णय में जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक का एलाईमेन्ट प्रश्नगत योजना में की 60 फीट सडक के अनुसार कायम करने का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा जोन उपायुक्त को उपरोक्त निर्णय के कम में हो रहे अलाईमेन्ट परिवर्तन हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने एवं जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक के एलाईमेन्ट परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

8. बीपीसी (एलपी) के लिए उक्त निर्णय अनुसार जविप्रा के पत्र क्रमांकः जविप्रा/उपा./ जोन–06/2025/राजकाज 08234/डी दिनांक 02.04.2025 के क्रम में दिनांक 03.04.2025 को जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 25 (3) के तहत दैनिक भास्कर समाचार पत्र में आम सूचना प्रकाशित कर बिन्दु सं. "ए" से "बी" के मध्य जोनल विकास योजना में प्रस्तावित सडक के अलाईमेंट परिवर्तन किये जाने के संबंध में मौके पर हो रहे निर्माण एवं प्रश्नगत सडक हेतु

Signature valid

Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

लिये गये निर्णय के परिपेक्ष्य में जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक का एलाईमेन्ट परिवर्तन प्रस्तावित सडक के अलाईमेन्ट मे परिवर्तन सम्बन्धी कार्यवाही के संबंध मे आपत्ति/सुझाव चाहा गया है।

9. प्रकरण मे जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक का एलाईमेन्ट के परिर्वतन के सम्बन्ध मे जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 25 (3) के अन्तर्गत आमंत्रि आपत्ति/सुझावों हेतु लोक सूचना का प्रकाशन दिनांक 03.04.2025 को किया गया। कार्यालय रिकॉर्ड अनुसार नियत समयावधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुई। प्रकरण में जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 25 (4) के तहत प्रस्तावित 60 फीट के एलाईमेंट के परिर्वतन का अनुमोदन किये जाने का निर्णय बीपीसी (एलपी) समिति द्वारा लिया जाना प्रस्तावित है।

अतः जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक का एलाईमेन्ट प्रश्नगत योजना की 60 फीट सडक के एलाईमेन्ट परिर्वतन के सम्बन्ध मे धारा 25 (4) के तहत निर्णय जाना प्रस्तावित है, एवं प्रकरण समस्त तथ्यों सहित बीपीसी (एलपी) की बैठक के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

जोन द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के क्रम में प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। जोन उपायुक्त द्वारा समिति को अवगत करवाया गया कि प्रश्नगत प्रकरण को पूर्व बीपीसी–एलपी की 387वीं बैठक दिनांक 04.03.2025 में रखा जाकर जविप्रा अधिनियम की धारा 25(3) हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के क्रम में धारा 25(3) हेतु सार्वजनिक विज्ञप्ति का प्रकाशन दिनांक 03.04.2025 को किया गया है एवं जारी अधिसूचना पर कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

अतः समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त प्रश्नगत प्रकरण में जविप्रा के अधिनियम 1982 की उप धारा 25 (4) की कार्यवाही हेतु नियमानुसार प्रक्रिया अपनाते हुये अधिसूचना जारी किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

समिति द्वारा जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण जोनल विकास योजना की 60 फीट सडक के एलाईमेन्ट से संबंधित होने के कारण प्रारूप अधिसूचना को जविप्रा स्तर पर गठित कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदित करवाते हुए उक्त का अनुमोदन अध्यक्ष महोदय, जविप्रा से भी प्राप्त किया जावें। उक्त के पश्चात् ही जोनल प्लान में हो रहे उक्त संशोधन का अंकन भी जोनल विकास योजना में करवाया जावें। उक्त की सुनिश्चितता जोन स्तर पर की जावें।

एजेण्डा संख्याः–03 (407/12.08.2025)

विषयः– आवेदकगण 1. मैसर्स क्वीन्स बिल्डएस्टेट जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री पराक्रम सिंह राठौड़ एवं 2. मैसर्स बी एल डवलपर्स जरिये अधिकृत साझेदार श्री अनिल सिंघवी ग्राम बीड़खातीपुरा तहसील व जिला जयपुर के खसरा नम्बर 298/179 रकबा 1.8339 हैक्टेयर भूमि पर निजी खातेदारी की आवासीय योजना "क्वीन्स एस्टेट" के ले–आउट प्लान अनुमोदन के सम्बन्ध में।	जोन–07

जोन द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के तथ्यः–

Signature valid

Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 22:27:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
17234696

1. प्रकरण संख्या LU2012/JDA/2024-25/103859 के द्वारा खातेदार 1. मैसर्स क्वीन्स बिल्डएस्टेट जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री पराक्रम सिंह राठौड़ एवं 2. मैसर्स वी एल डवलपर्स जरिये अधिकृत साझेदार श्री अनिल सिंघवी की खातेदारी भूमि ग्राम बीड़्यातीपुरा, तहसील व जिला जयपुर के खसरा नम्बर 298/179 रकबा 1.8339 हैक्ट, भूमि की 90ए आवासीय प्रयोजन हेतु आदेश दिनांक 22.02.2025 को पारित किया गया है।

2. ग्राम बीडखातीपुरा तहसील व जिला जयपुर के खसरा नम्बर 298/179 रकबा 1.8339 हैक्टेयर भूमि पर निजी खातेदारी की आवासीय योजना "क्वीन्स एस्टेट" के ले-आउट अनुमोदित है।

3. प्रकरण को बीपीसी (एलपी) की 390वीं बैठक दिनांक 25.03.2025 के एजेण्डा संख्या 02 में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें समिति द्वारा प्रकरण में सशर्त अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया था। जिसका बिन्दु संख्या 03 निम्नानुसार है

"प्रश्नगत भूमि क्वींस रोड पर स्थित है। उक्त सडक के दूसरी ओर आर्मी एरिया स्थित है। राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक 03.09.2021 के अनुसार प्रश्नगत योजना में प्रस्तावित फुटकर व्यावसायिक एवं आवासीय भूखण्ड 100 मीटर के दायरे में स्थित होने के क्रम में संबंधित विभाग से उक्त भूखण्डों हेतु एनओसी प्राप्त करने के पश्चात ही 100 मीटर के दायरे में प्रस्तावित भूखण्डों की लीजडीड जारी की जावें। उक्त के अतिरिक्त 500 मीटर के दायरे में प्रस्तावित भूखण्डों पर चार मंजिल से अधिक के निर्माण हेतु संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जावें। उक्त का अंकन जारी होने वाले मानचित्र एवं लीजडीड पर किया जावेंगा। उक्त की सुनिश्चितता जोन स्तर पर की जावें।"

4. नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 03.09.2013 के बिन्दु संख्या (iii) के अनुसार रक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित रक्षा संस्थापन/स्थापना (Defence Establishments/Installations) की सीमा से लगते हुये क्षेत्र में निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में :-

रक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित रक्षा संस्थापन/स्थापना की सीमा से लगते हुये क्षेत्र में निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में भवन विनियम-2020 के प्रावधान संख्या 10.6 निम्नानुसार है :-

"रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा संस्थापन/स्थापना (Defence Establisment/Installations) के निकट स्थानीय मिलट्री ऑथोरिटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त करने के सबंध में राज्य के नगरीय क्षेत्र में स्थित रक्षा संस्थापन/स्थापना (Defence Establisments/Installation) की सीमा से 500 मीटर तक की परिधि क्षेत्र में निर्माणों की स्वीकृति बाबत् रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेश के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।"

5. नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 24.02.2020 द्वारा यह स्पष्ट किया जा चुका है कि राज्य के नगरीय क्षेत्रो में स्थित रक्षा संस्थापन/स्थापना (Defence Establisments/Installation) की सीमा से 500 मीटर तक की परिधि क्षेत्र में निर्माणो की स्वीकृति बाबत रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश दिनांक 18.05.2011 के अनुसार ही कार्यवाही की जावेगी। आदेश दिनांक 18.05.2011 के अनुसार रक्षा संस्थापन/स्थापना (Defence Establisments/Installation) की सीमा से 100 मीटर के अन्दर किसी भी प्रकार के निर्माण हेतु तथा 100 मीटर से अधिक किन्तु 500 मीटर तक की सीमा में चार मंजिल से अधिक के निर्माण हेतु रक्षा विभाग के सक्षम अधिकारी से अनापत्ति लिया जाना आवश्यक है।

उपरोक्त क्रम में आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है की "श्रीमान् जी हमारी उक्त योजना में स्थित फुटकर व्यावसायिक एवं भूखण्ड संख्या 01 बाबत् हमारे द्वारा सम्बंधित विभाग में सम्पर्क करने पर पाया कि स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सम्बंधित विभाग द्वारा उक्त भूखण्डों की एनओसी जारी की जायेगी।"

अतः आप श्रीमान जी से निवेदन है कि हमारी उक्त योजना क्वीन्स एस्टेट में स्थित भूखण्ड संख्या 01 एवं फुटकर व्यावसायिक के संबंध में लिये गये निर्णय के बिन्दु संख्या 03 को संशोधित करवाकर [illegible] की लीज डीड जारी करने की कृपा करें।

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
47234696

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत निवेदन के क्रम में समिति द्वारा लिए गये निर्णय के बिन्दु संख्या–03 के क्रम में प्रकरण पुनः समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णायार्थ रखे जाने हेतु अवलोकनार्थ प्रेषित है। प्रकरण मे समिति द्वारा लिये गये निर्णय के बिन्दु संख्या 03 में 100 मीटर के दायरे मे स्थित भूखण्ड संख्या 01 एवं फुटकर व्यावसायिक भूखण्ड हेतु लिये गये निर्णय के संबंध मे एवं जोन द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के क्रम में प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।
समिति का निर्णयः– **समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रकरण को पूर्व में बीपीसी (एलपी) की 390वीं बैठक दिनांक 25.03.2025 में रखा जाकर सशर्त अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया था। समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 24.02.2020 के क्रम में पूर्व में बीपीसी (एलपी) समिति में लिये गये निर्णय के बिन्दु सं. 03 को निम्नानुसार संशोधित किये जाने का निर्णय लिया गयाः–** **बिन्दु सं. 03 :– "प्रश्नगत भूमि क्वींस रोड पर स्थित है। उक्त सडक के दूसरी ओर आर्मी एरिया स्थित है। प्रचलित भवन विनियम–2025 के अनुसार प्रश्नगत योजना में प्रस्तावित फुटकर व्यावसायिक एवं आवासीय भूखण्ड 100 मीटर के दायरे में स्थित होने के क्रम में संबंधित विभाग से उक्त भूखण्डों हेतु एनओसी प्राप्त करने के पश्चात ही 100 मीटर के दायरे में प्रस्तावित भूखण्डों पर निर्माण स्वीकृति जारी की जावें। उक्त के अतिरिक्त 500 मीटर के दायरे में प्रस्तावित भूखण्डों पर चार मंजिल से अधिक के निर्माण हेतु संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जावें। उक्त का अंकन जारी होने वाले मानचित्र एवं लीजडीड पर किया जावेंगा। उक्त की सुनिश्चितता जोन स्तर पर की जावें।"** **समिति द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में पूर्व बीपीसी (एलपी) की 390वीं बैठक दिनांक 25.03.2025 में लिये गये निर्णय के शेष बिन्दुओं को यथावत कायम किये जाने हेतु जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।**

एजेण्डा संख्याः–04 (407 / 12.08.2025)

विषयः जविप्रा की योजना रामचन्द्रपुरा के संस्थानिक भूखण्ड संख्या 34 एवं 34ए का पुनर्गठन कर लीजडीड जारी करने बाबत्।	**जोन–09**
जोन द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के तथ्यः– 1. जविप्रा की योजना रामचन्द्रपुरा के संस्थानिक भूखण्ड संख्या 34 क्षेत्रफल 4000 वर्गमीटर की लीजडीड दिनांक 24.08.2020 को लोकमत समाचार पत्र प्राईवेट लिमिटेड के नाम से जारी की गयी है। 2. संस्थानिक भूखण्ड संख्या 34ए क्षेत्रफल 3305.43 वर्गमीटर की लीजडीड दिनांक 15.02.2024 को लोकमत मीडिया प्राईवेट लिमिटेड जरिये श्री ओम प्रकाश केला के नाम से जारी की गयी है। 3. आवेदक लोकमत मीडिया प्राईवेट लिमिटेड जरिये श्री ओम प्रकाश केला द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 34 क्षेत्रफल 4000 वर्गमीटर एवं भूखण्ड संख्या 34ए क्षेत्रफल 3305.43 वर्गमीटर कुल क्षेत्रफल 7305.43 वर्ग मीटर का पुर्नगठन किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। 4. नोटशीट के पैरा 15 / एन पर जोन कनिष्ठ अभियंता की मौका [illegible] रिक्त है।	

Signature valid
Digitally signed by Pr[illegible]ti Gupta
Designation : Addi[illegible]al Chief town Planner
Date: 2025.08.[illegible] [illegible]2:27:56 IST
Reason: Approved

5. आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र क साथ भूखण्ड संख्या 34 एवं 34ए का पुनर्गठन स्थल मानचित्र प्रस्तुत किये है जिनके अनुसार भूखण्ड संख्या 34 एवं 34ए की स्थिति निम्नानुसार है:–

वर्तमान मौका स्थिति



प्रस्तावित पुर्नगठन अनुसार



6. राज्य सरकार की अधिसूचना दिनाक 27.03.2025 के अनुसार पुनर्गठन के संबंध में गैर–आवासीय भूखण्ड क्षेत्रफल 10,000.00 व.मी. तक के भूखण्डों के पुनर्गठन एवं उपविभाजन का अधिकार स्थानिय निकाय को प्रदत्त किये गये है। अतः उक्त संस्थानिक भूखण्ड के पुनर्गठन का निर्णय जविप्रा स्तरीय बीपीसी (एल.पी) समिति द्वारा लिया जाना प्रस्तावित है।
7. पुनर्गठित भूखण्ड पर सैटवेक पुर्व में अनुमोदित योजना मानचित्र में दर्शाये गये सेटबेक अथवा वर्तमान में प्रचलित भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

उक्तानुसार भूखण्ड संख्या 34 क्षेत्रफल 4000 वर्ग मीटर एवं भूखण्ड संख्या 34ए क्षेत्रफल 3305.43 वर्ग मीटर कुल क्षेत्रफल 7305.43 वर्ग मीटर का पुनर्गठन किये जाने पर पुर्व में अनुमोदित योजना मानचित्र में दर्शाये गये सेटबेक अथवा वर्तमान में प्रचलित भवन विनियम 2025 के अनुसार सैटबैक रखने के पश्चात पर्याप्त निर्मित क्षेत्र मिलता है। अतः प्रस्तावित पुर्नगठित भूखण्डों का क्षेत्रफल 1500 वर्ग गज से अधिक है। अतः संस्थानिक भूखण्ड संख्या 34 व भूखण्ड संख्या 34ए के पुर्नगठन का अनुमोदन किये जाने की अभिशंषा के साथ प्रकरण को सीपीसी (एलपी) समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

<u>प्रकरण में बीपीसी (एलपी) द्वारा परीक्षण उपरांत शाखा के विचारणीय बिन्दु व प्रस्तावः–</u>

1. प्रकरण में पत्रावली में प्रस्तुत ज़ोन उपायुक्त द्वारा प्रमाणित भूमि आवंटन की तथ्यात्मक रिपोर्ट (प्रु.सं. 664/सी) अनुसार प्रकरण में पी.डबलू.सी की बैठक दिनांक 03.10.2018 के निर्णय अनुसार संस्था ... पत्र को पूर्व में जारी 7305.53 वर्गमीटर के साइट प्लान में से 4000.00 वर्गमीटर भूखंड पृथक कर ... दिनांक 24.

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

08.2020 को लोकमत समाचार पत्र प्रा. लि. जरिये निदेशक श्री धीरेन्द्र जैन के नाम से जविप्रा की योजना रामचंद्रपुरा में सांस्थानिक भूखंड संख्या 34 (4000 वर्गमीटर) की लीजडीड जारी की गयी। उक्त के अतिरिक्त जविप्रा की योजना रामचंद्रपुरा में भूखंड संख्या 34ए (3305.43 वर्गमीटर) का संस्थागत पट्टा मेसर्स लोकमत मीडिया प्रा. लि. जरिये श्री ओम प्रकाश केला के नाम दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया हैं। दोनों भूखण्डों के आवेदक पृथक–पृथक अंकित है। जोन द्वारा दोनों भूखण्डों के आवेदकों के मध्य एग्रीमेंट/असाईन्मेंट डीड रजिस्टर्ड संलग्न नही किया गया है। अतः उक्त को प्राप्त किये जाने के पश्चात् ही प्रश्नगत प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

2. प्रकरण में जविप्रा की योजना रामचंद्रपुरा एवं भूखण्ड संख्या 34 के साइट प्लान अनुसार उक्त भूखण्ड के पश्चिमी दिशा से 220 के.वी. क्षमता की एच.टी. लाइन गुज़र रही हैं। उक्त एच.टी. लाइन के सेफ्टी कॉरिडोर एवं आर. ओ.डब्लू के संबंध में ज़ोन द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की गयी हैं। उक्त के अतिरिक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के सामने उक्त एचटी लाइन के पश्चात सेफ्टी कॉरिडोर एवं नियमानुसार 9 मीटर सड़क की स्थिति अनुमोदित योजना मानचित्र में स्पष्ट नहीं हो रही हैं। अतः प्रकरण में उक्त एच.टी. लाइन की मौका स्थिति अनुसार अलाइनमेंट का परिक्षण करते हुए उक्त के सेफ्टी कॉरिडोर एवं आर.ओ.डब्लू को कायम कर पुनर्गठित भूखण्ड प्रस्तावित किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित हैं।
3. प्रश्नगत प्रकरण में ज़ोन की रिपोर्ट अनुसार पूर्व में बीपीसी बी.पी./जोन द्वारा प्रस्तावित भूखण्डों पर भवन मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही के संबंध में कोई उल्लेख नहीं हैं। अतः उक्त की सुनिश्चितता उपरान्त ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
4. प्रकरण में पूर्व में बकाया अन्य कोई शुल्क/मांग, बकाया राशि की सुनिश्चितता उपरान्त ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त को समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
5. प्रकरण में पुर्नगठन शुल्क एवं अन्य समस्त देय शुल्क लेय होगें। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
6. प्रश्नगत प्रकरण में एकीकृत भूखण्ड का जोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाना प्रस्तावित है। प्रश्नगत प्रकरण में मौके पर उपलब्ध भूमि जो जारी लीजडीड से अधिक नही हो पर ही कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।
7. प्रश्नगत प्रकरण में जारी होने वाले पुनर्गठित भूखण्ड का अंकन मूल मानचित्र पर जारी किया जाना प्रस्तावित है।
8. प्रश्नगत प्रकरण में पुर्व में जारी लीजडीड को समर्पित करने के पश्चात ही अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। उक्त की सुनिश्चितता जोन स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
9. प्रश्नगत प्रकरण में सेटबैक को भवन विनियम–2025 के प्रावधानोनुसार रखा जाना प्रस्तावित हैं। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

मूल भूखण्डों में जारी लीजडीड अनुसार क्षेत्रफल एवं सैटबेक

योजना	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (व.मी. में)	अग्र सेटबेक	पार्श्व सैटबेक–1	पार्श्व सैटबेक–2	पीछे का सैटबेक
जविप्रा की योजना रामचन्द्रपुरा के संस्थानिक भूखण्ड	34	4000.00	12 मीटर	6 मीटर	9 मीटर	9 मीटर
	34ए	3305.43	9 मीटर	9 मीटर	9 मीटर	4.5 मीटर

पुनर्गठन पश्चात जोन द्वारा प्रस्तावित सैटबेक का विवरण

पुनर्गठित भूखण्ड	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	अग्र सेटबेक (60 मीटर सड़क की तरफ)	पार्श्व सैटबेक–1 (12 मीटर सड़क की तरफ)	पार्श्व सैटबेक–2	पीछे का सैटबेक

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

	7305.43	12 मीटर	6 मीटर	9 मीटर	9 मीटर

पुनर्गठन पश्चात भवन विनियम–2025 अनुसार प्रस्तावित सैटबेक का विवरण

पुनर्गठित भूखण्ड	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	अग्र सेटबेक (60 मीटर सड़क की तरफ)	पार्श्व सैटबेक–1 (बिल्डिंग लाइन के सेटबैक अनुसार)	पार्श्व सैटबेक–2	पीछे का सैटबेक
	7305.43	12 मीटर	9 मीटर	9 मीटर	9 मीटर

10. आवेदित पुर्नगठित भूखण्ड के सेटबेक एवं अन्य प्रावधान भवन विनियम–2025 के अनुसार रखा जाना प्रस्तावित है। उक्त को समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
11. प्रकरण में जारी किये जाने वाले मानचित्र को ज़ोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी से प्रमाणित किये जाने की सुनिश्चतता ज़ोन स्तर से किया जाना प्रस्तावित हैं। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित हैं ।
12. प्रश्नगत प्रकरण में संस्थागत पुनर्गठित भूखण्ड का क्षेत्रफल 1500 वर्गगज से अधिक होने के क्रम में राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित हैं।

अतः उपरोक्त समस्त तथ्यो सहित प्रकरण बी.पी.सी. (एल.पी.) समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु संख्या 01 व 03 से 12 को मान्य करते हुए जविप्रा की योजना रामचन्द्रपुरा के संस्थानिक भूखण्ड संख्या 34 एवं 34ए का पुनर्गठन तथा मानचित्र अनुमोदन निम्नलिखित शर्तो के साथ टाउनशिप पॉलिसी–2010 के प्रावधानों के अनुरूप किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

1. **प्रश्नगत प्रकरण में दो पृथक–पृथक आवेदक द्वारा एकल पट्टा चाहा गया है। अतः आदेश दिनांक 02.05.2023 के क्रम में प्रश्नगत प्रकरण में रजिस्टर्ड असाईन्मेंट डीड प्राप्त करने के पश्चात् ही एकल पट्टा जारी किया जावें तथा सह खातेदारों के हिस्सों का अंकन पुनर्गठित मानचित्र पर किया जावें।**
2. **प्रश्नगत प्रकरण में भूखण्ड संख्या 34 के पश्चिमी दिशा से 220 के.वी. क्षमता की एच.टी. लाइन के सेफ्टी कॉरिडोर एवं आर.ओ.डब्लू की मौका स्थिति अनुसार अलाइनमेंट का परिक्षण करते हुए उक्त के सेफ्टी कॉरिडोर एवं आर.ओ.डब्लू को नियमानुसार कायम किया जावें। उक्त नो–कन्स्ट्रकशन जोन के पश्चात् 9--9 मीटर सडक कायम की जावें। उक्त की सुनिश्चितता जोन स्तर पर की जावें।**
3. **प्रस्तावित भूखण्डों पर पूर्व में कोई भवन मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही की गई है अथवा नही की सुनिश्चिता उपरांत ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावें।**
4. **प्रस्तावित भूखण्डों पर पूर्व में बकाया शुल्क अथवा अन्य कोई शुल्क/रिजम्पशन चार्जेज/मांग आदि की पुनः सुनिश्चितता करने के पश्चात् ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावें।**

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

5. प्रश्नगत प्रकरण में पूर्व में जारी भूखण्डों की लीजडीड को समर्पण करने के पश्चात् ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावें।
6. प्रश्नगत प्रकरण में जारी होने वाले पुनर्गठित भूखण्ड का अंकन मूल मानचित्र पर जारी किया जावें।
7. प्रश्नगत प्रकरण में पुनर्गठित भूखण्ड पर अग्र सैटबेक 12 मीटर व अन्य सभी ओर न्यूनतम 9 मीटर सैटबेक कायम किये जावें एवं भूखण्ड पर अन्य पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।
8. प्रकरण में जारी किये जाने वाले मानचित्र को ज़ोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी से प्रमाणित करवाया जावें।
9. प्रश्नगत प्रकरण में नियमानुसार पुनर्गठन शुल्क लिया जावें।
10. प्रश्नगत प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी 2010 के अनुसार कार्यवाही की जावे।
11. प्रस्तावित योजना/एकल भूखण्ड का राजस्व रिकॉर्ड अनुसार क्षेत्रफल को मौके पर उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल से मिलान करने के पश्चात् ही टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान अनुसार मानचित्र जारी किया जावें। उक्त की सुनिश्चितता जोन द्वारा की जावें।
12. आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।

एजेण्डा संख्याः—05 (407/12.08.2025)

विषयः— श्री रामअवतार मीना पुत्र बाबूलाल मीना, चौथू मल मीना पुत्र हरदेव मीना, पाँचूराम मीना / हरदेव मीना, निवासी ग्राम कल्याणपुरा उर्फ खातीपुरा, तहसील—सांगानेर जयपुर द्वारा ग्राम कल्याणपुरा तहसील—सांगानेर उर्फ खातीपुरा खसरा नम्बर 1113/1256, 1121/1257, 1123, 1124 कुल किता 4 कुल रकबा 0.63 हैक्टेयर भूमि अर्थात (6300.00 वर्ग मी.) पर आवासीय योजना में समिति द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों में संशोधन बाबत।	जोन—09

प्रकरण को बीपीसी—एलपी समिति की बीपीसी—एलपी समिति की 401वीं बैठक दिनांक 01.07.2025 एजेण्डा संख्या 05 पर रखा जाकर आवासीय योजना "नन्द विहार प्रथम विस्तार" ले—आउट मानचित्र जारी किये जाने हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया था। बी.पी.सी. (एल.पी.) शाखा द्वारा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के बिन्दु संख्या 04, 08 व 09 पर निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:—

बिन्दु संख्या 04:— प्रश्नगत योजना में जविप्रा के नाम प्रस्तावित 90.45 वर्गमीटर भूमि का जविप्रा द्वारा भौतिक कब्जा प्राप्त किया जावें। उक्त भूखण्ड को आवासीय मानते हुए, Land Bank में अंकन करवाया जावें तथा भूखण्ड को नीलामी के द्वारा बेचान किया जावें।

बिन्दु संख्या 08:— प्रश्नगत योजना में माँ वैष्णोपुरम ब्लॉक—ए की 12 मीटर सडक पर प्रस्तावित भूखण्ड डी—32 के स्थान पर पूर्व अनुमोदित योजना अनुसार 12 मीटर सडक कायम किया जावें।

बिन्दु संख्या 09:— प्रश्नगत प्रकरण में प्रस्तुत योजना मानचित्र में आवासीय भूखण्डों एवं पार्क के मध्य 3 मीटर लेन प्रस्तावित की जावें।

उक्त के क्रम में जोन की रिपोर्ट (पैरा 96/एन) पर निम्नानुसार टिप्पणी प्रस्तुत की गई है:—

बिन्दु संख्या 04 :— योजना क्षेत्रफल मे अतिरिक्त आ रही भूमि क्षेत्रफल 90.45 वर्ग मीटर को जविप्रा के नाम दर्ज करवाये जाने का निर्णय लिया गया है आवेदक द्वारा उक्त भूमि को जविप्रा द्वारा नीलामी नही करते हुये वर्तमान आरक्षित दर पर आवंटित किये जाने हेतु निवेदन किया गया है एवं साथ ही यह उल्लेखित किया गया है कि आवेदित योजना के उत्तर दिशा मे स्थित योजना माता वैष्णोपुरम् ब्लॉक ए का भूखण्ड संख्या 28 आवेदक की भूमि से प्रभावित है जिसका क्षेत्रफल

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

27.83 वर्ग मीटर है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि जो कि अन्य योजना मे अनुमोदन का भाग दर्शाते हुये लिया गया है को निःशुल्क समर्पित करने हेतु सहमत है।

बिन्दु संख्या 08 :– अनुमोदित योजना माता वैष्णोपुरम ब्लॉक ए के भूखण्ड संख्या 28 व 49 के दक्षिण दिशा के मानचित्र मे दर्शायी गयी 12 मीटर सडक को विलोपित करते हुये भूखण्ड सृजित करने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा यह निवेदन किया गया है कि उक्त 12 मीटर सडक जो कि 1113/1256 मे से दर्शायी गयी है जो कि पूर्व मे अनुमोदित योजना मां वैष्णोपुरम् ब्लॉक ए का भाग नही है। उक्त खसरा नम्बर 1113/1256 मे दर्शायी गयी 12 मीटर सडक जो कि पूर्व अनुमोदित योजना मां वैष्णोपुरम् ब्लॉक के योजना मानचित्र मे दर्शायी गयी है जो कि खसरा सुपरईम्पोज अनुसार योजना का भाग नही होकर आवेदक के आवेदित खसरे का भाग है एवं पूर्व अनुमोदित योजना के क्षेत्रफल गणना मे भी उक्त सडक के भाग मे सम्मिलित करते हुये गणना नही की गयी है। साथ ही आवेदक द्वारा यह भी वर्णित किया गया है कि पूर्व अनुमोदित योजना के विकासकर्ता एवं आवेदक के मध्य सहमति प्राप्त हुई है उक्त सहमति पत्र जो कि पत्रावली के पृष्ठ 91/सी से 98/सी पर संलग्न किया गया है मे दोनो पक्ष भूखण्ड संख्या 28 मे आ रही भूमि को यथावत योजना मे रखने हेतु सहमत हुये है एवं साथ ही भूखण्ड संख्या 28 एवं 49 के दक्षिण दिशा मे दर्शायी गयी सडक जो कि खसरा नम्बर 1113/1256 का भाग है को विलोपित करने हेतु सहमत है। सहमति पत्र के बिन्दु संख्या तीन मे यह वर्णित किया गया है कि रोड विलोपन करने से योजना के मूल स्वरूप मे कोई परिवर्तन नही होता है एवं साथ ही पूर्व अनुमोदित योजना मां वैष्णोपुरम् ब्लॉक ए के भूखण्ड संख्या 28 एवं 49 को पहुंच मार्ग पूर्व दिशा एवं पश्चिम दिशा मे दर्शायी गई सडको से प्राप्त होता है। अतः उक्त सडक को विलोपन करने से खसरा नम्बर 1122 के खातेदार की आपत्ति का भी समाधान भी हो जाता है। उक्त सडक को विलोपन करने से भूखण्डधारी का हित प्रभावित नही होता है क्योकि दोनो भूखण्ड संख्या 28 व 49 को पहुंच मार्ग क्रमश 40 फीट व 60 फीट सडक से प्राप्त होता है। अतः उक्त 40 फीट सडक को विलोपित करने से पूर्व अनुमोदित योजना के विकासकर्ता एवं आवेदित भूमि के खातेदार/विकासकर्ता दोनो के मध्य विवाद की स्थिति उत्पन्न नही होती है जिस पर दोनो सहमत होते हुये सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

बिन्दु संख्या 09 :– प्रस्तुत योजना मानचित्र मे आवासीय भूखण्डों एवं पार्क के मध्य 3 मीटर लेन रखे जाने का प्रस्ताव रखा गया है आवेदक द्वारा उक्त 3 मीटर की लेन को पार्क की गणना मे रखते हुये योजना मानचित्र अनुमोदन किये जाने का निवेदन किया गया है।

बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिंदु–

1. प्रकरण में समिति के निर्णय के बिंदु संख्या 04 में वर्णित 90.45 वर्गमीटर अतिरिक्त भूमि जविप्रा के स्वामित्व की हैं। अन्य प्रकरणों में जविप्रा द्वारा लैंड–फॉर–लैंड पॉलिसी अपनाते हुए अतिरिक्त भूमि पर भौतिक कब्ज़ा प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की गयी हैं। अतः प्रश्नगत प्रकरण में उक्त अतिरिक्त भूमि के भूखण्ड को जविप्रा के मत रखा जाना है अथवा आवेदक के प्रस्ताव अनुसार कार्यवाही की जानी है, के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित हैं।
2. प्रकरण में योजना मानचित्र में आवासीय भूखण्ड संख्या डी–32 प्रस्तावित किया गया है जो की पूर्व अनुमोदित योजना माँ वैष्णोपुरम में 12 मीटर सड़क के रूप में दर्शाया गया हैं। पूर्व कमिटमेंट में उक्त सड़क आंशिक रूप में वैष्णोपुरम योजना के सीमाओं के बाहर दर्शित हैं एवं उक्त के विकासकर्ता द्वारा उक्त सड़क को विलोपित किये जाने के संबंध में सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः प्रकरण में उक्त 12 मीटर सड़क को आवेदक के प्रस्ताव अनुसार विलोपित करते हुए प्रश्नगत योजना में आवासीय भूखण्ड के रूप में मान्य किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित हैं ।
3. प्रकरण में समिति के निर्णय के बिंदु संख्या 09 के क्रम में प्रश्नगत योजना में प्रस्तावित विक्रय योग्य क्षेत्रफल 65 प्रतिशत से कम होने के क्रम में पार्क एवं आवासीय भूखंडों के मध्य 3 मीटर लेन के क्षेत्रफल को नियमानुसार पार्क की गणना में सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित हैं। अतः प्रकरण में समिति द्वारा लिए गए निर्णय के बिंदु संख्या 09 को यथावत रखा जाना प्रस्तावित हैं। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित हैं।

अतः उक्त प्रकरण मे समिति द्वारा लिये गये निर्णय के बिन्दु संख्या 04, 08 व 09 के संबंध मे जोन द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी के क्रम में प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

Signature valid

Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 22:27:56 IST
Reason: Approved

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण को पूर्व बीपीसी–एलपी समिति की 401वीं बैठक दिनांक 01.07.2025 में रखा जाकर सशर्त अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया था। प्रश्नगत प्रकरण में आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के क्रम में जोन द्वारा नियम/प्रावधान का उल्लेख किये बिना उक्त निर्णय के बिन्दु सं. 04, 08 व 09 के संशोधन के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये है। उक्त के अतिरिक्त जोन द्वारा प्रकरण में प्रस्तुत संशोधन पर अनुशंषा भी नही की गई है।

अतः समिति द्वारा प्रकरण में चाहे गये संशोधन के संबंध में नियमों/प्रावधानों के परिपेक्ष्य में परीक्षण करते हुए प्रकरण को समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।

एजेण्डा संख्याः–06 (407 / 12.08.2025)

विषयः– श्री गोपाल लाल मीणा पुत्र श्री हनुमान, द्वारा ग्राम बगरू कलां, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नम्बर 6352 रकबा 0.44 हैक्ट. निजी खातेदारी भूमि पर औद्योगिक प्रयोजनार्थ एकल भूखण्ड का मानचित्र अनुमोदन बाबत्।	जोन–11

धारा 90ए हेतु आवेदन की दिनांक :– 28.04.2023 सी.सी.सी. क्रमांक–

धारा 90ए आदेश की दिनांक :– 29.09.2023

ले–आउट अनुमोदन हेतु आवेदन की दिनांक :– 25.10.2024

आवेदन एवं राजस्व सबंधित बिन्दु

क्र.सं.	बिन्दु		विवरण			पृष्ठ संख्या
1.	आवेदक का नाम		श्री गोपाल लाल मीणा पुत्र श्री हनुमान, निवासी–लोहारवाड़ा बगरू, जयपुर			–
2.	प्रस्तावित योजना के ग्राम, खसरा नं. व क्षेत्रफल		ग्राम बगरू कलां, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नम्बर 6352 रकबा 0.44 हैक्ट.			–
3.	जमाबंदी अनुसार किस्म एवं क्षेत्रफल	90ए से पूर्व	खसरा नं.	क्षेत्रफल है.	किस्म	–
			6352	0.44	चाही ए	
		90ए के पश्चात्	खसरा नं.	क्षेत्रफल है.		
			6352	0.44	जविप्रा के नाम नामान्तरण दर्ज है।	–
4.	प्रस्तावित योजना के 90–ए/ 90–बी आदेश दिनांक, क्षेत्रफल व आवेदक का नाम		ग्राम बगरू कलां, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नम्बर 6352 रकबा 0.44 हैक्ट. भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ धारा 90ए आदेश दिनांक 29.09.2023 को श्री गोपाल लाल मीणा पुत्र श्री हनुमान के पक्ष मे पारित किया गया है।			–
5.	90–ए/90–बी में वर्णित प्रयोजन		**औद्योगिक प्रयोजनार्थ**			–

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

6.	आवेदित उपयोग	**औद्योगिक प्रयोजनार्थ**	—
7.	आवेदित ले–आउट, 90–ए / 90–बी में वर्णित प्रयोजन के अनुरूप है अथवा नहीं।	हॉं	—
8.	एकल भूखण्ड का ले–आउट है अथवा प्लाटेड ले–आउट है।	एकल भूखण्ड का ले–आउट प्लान	—
9.	एकल भूखण्ड ले–आउट / प्लाटेड ले–आउट / ले–आउट संशोधन / मुख्यमंत्री जन आवास के प्रोविजन 3ए / 3बी / 3सी	एकल भूखण्ड का ले–आउट प्लान	—
मास्टर प्लान / जोनल प्लान से सबंधित बिन्दु			
10.	मास्टर विकास योजना–2011 के अनुसार भू–उपयोग	जोन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं एजेण्डा अनुसार मास्टर विकास योजना 2011 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग औद्योगिक दर्शित है।	—
11	मास्टर विकास योजना–2025 के अनुसार भू–उपयोग	जोन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं एजेण्डा अनुसार मास्टर विकास योजना 2025 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग औद्योगिक दर्शित है।	—
12.	जोनल विकास योजना के अनुसार भू–उपयोग	जोन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं एजेण्डा अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग जोनल विकास योजना 16 के अनुसार औद्योगिक दर्शित है।	—
13.	मास्टर प्लान / जोनल प्लान अनुसार प्रस्तावित सडक की चौडाई	आवेदित भूमि जोनल विकास योजना की किसी भी सड़क से प्रभावित नही है।	—
14.	आवेदित भूमि मास्टर / जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित है अथवा नहीं।		
15.	यदि मास्टर / जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित हो तो, सडक से प्रभावित क्षेत्रफल के सबंध में विवरण।		
16.	सेक्टर कॉमर्शियल से प्रभावित है अथवा नहीं।	नही	—
17.	मास्टर प्लान डीपीसीआर के प्रावधान	जोनल विकास योजना–16 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग औद्योगिक दर्शित है, जिसमें मास्टर प्लान 2025 के वाल्यूम–4 डीपीसीआर के प्रावधानानुसार औद्योगिक एकल भूखण्ड अनुमत है।	—
18.	मास्टर प्लान अनुसार आवेदित उपयोग अनुज्ञेय है अथवा नहीं।		
पंहुच मार्ग से सबंधित बिन्दु			
19.	विद्यमान पंहुच मार्ग की रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को बी.टी./सी.सी. सडक से पहुंच मार्ग उपल[illegible] मीटर है।	—

Signature valid

Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 22:27:56 IST
Reason: Approved

20.	आवेदित भूमि में से सटे हुए राजस्व रास्ता / विद्यमान रास्ता निकल रहा हो तो उसका विद्यमान एवं प्रस्तावित मार्गाधिकार के संबंध में टिप्पणी।	नही	–
मौका स्थिति से सबंधित बिन्दु			
21.	कनिष्ठ अभियंता से प्रमाणित सर्वे प्लान की प्रति एवं मौके पर निर्माण की स्थिति के संबंध में रिपोर्ट।	संलग्न है।	–
22.	गूगल मानचित्र पर लोकेशन	संलग्न है।	–
23.	आसपास की अनुमोदित योजनाओं से सडकों के मिलान के संबंध में टिप्पणी एवं मानचित्र	संलग्न है।	–
24.	गैस पाईप लाईन / एचटी लाईन / रेलवे लाईन / नाला / वाटर बॉडी से प्रभावित है अथवा नहीं।	प्रभावित नही है।	–
टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान			
25.	टाउनशिप पॉलिसी 2002 / टाउनशिप पॉलिसी 2010 / CMJAY-2015 के अन्तर्गत	प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी 2010 के तहत कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।	–
26.	**प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल / भू–उपयोग विश्लेषण (51 / सी)**		

क.सं.	उपयोग	क्षेत्रफल व.मी. में
1.	90ए शुदा आवेदित भूमि का क्षेत्रफल	4400.00
2.	18 मीटर सड़क से प्रभावित भूमि क्षेत्रफल	113.94
3.	कब्जे से बाहर क्षेत्रफल	18.49
4.	प्रस्तावित औद्योगिक एकल भूखण्ड का क्षेत्रफल	4267.57

27	ले–आउट में क्षेत्रफल / भू–उपयोग विश्लेषण नियमानुसार है अथवा नहीं।	नियमानुसार है।	–
28.	ईडब्ल्यूएस / एलआईजी का प्रावधान है अथवा नहीं।	लागू नहीं।	–
29.	एकल भूखण्ड के ले–आउट में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र का प्रावधान।	प्रकरण 2 हैक्ट. से कम है। अतः 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि / सुविधा क्षेत्र लिया जाना प्रस्तावित है।	–
30.	मास्टर प्लान, जोनल प्लान सडक / एच.टी.लाईन / गैस पाईप लाईन के अन्तर्गत आ रही भूमि के एवज में सुविधा क्षेत्र में छूट चाही गई है अथवा नहीं।	कोई छूट नहीं चाही गई है।	–

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2025.08.19 12:27:56 IST
Reason: Approved

31.	राज्य सरकार से स्वीकृति ली जानी है अथवा नहीं।	राज्य सरकार की स्वीकृति आवश्यक नहीं है।	—
32.	**जोन स्तरीय समिति की स्पष्ट अनुशंषाः—** पत्रावली के पैरा 76/एन पर की गई है।		
